भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

**राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र**

## विज्ञापन सं. : आरआरकेट-1/2019

**ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 31/01/2019**

**"सरकार एक ऐसे कार्यदल बनाने का प्रयास कर रहीं है जो लिंग-समानता को प्रतिबिंबित करे और महिलाओं को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित करे।"**

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र (राराप्रप्रौके), इन्दौर (म.प्र.) में पात्र अभ्यर्थियों से निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| **तकनीकी अधिकारी / डी – समूह "ए" राजपत्रित पद (रिक्त पद : 03)** | | | |
|---|---|---|---|
| पद कोड | विधा | पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव |
| I-1 | यांत्रिकी (वातानुकूलन) | 01 [अना] | यांत्रिकी (वातानुकूलन) के लिये न्यूनतम 60% अंकों के साथ यांत्रिकी इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक. डिग्री एवं अपेक्षित योग्यता प्राप्त करने के पश्चात् 4 वर्ष का संबद्ध अनुभव।<br>अथवा<br>न्यूनतम 60% अंको के साथ प्रशीतन एवं वातानुकुलन इंजीनियरिंग में एम.ई. / एम.टेक. (बी.ई. अथवा एम.एससी के पश्चात) |
| I-2 | यांत्रिकी (चिलर) | 01 [अना] | यांत्रिकी (चिलर) के लिये न्यूनतम 60% अंकों के साथ यांत्रिकी इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक. डिग्री एवं अपेक्षित योग्यता प्राप्त करने के पश्चात् 4 वर्ष का संबद्ध अनुभव।<br>अथवा<br>न्यूनतम 60% अंको के साथ प्रशीतन एवं वातानुकुलन / ऊष्मीय इंजीनियरिंग में एम.ई. / एम.टेक. (बी.ई. अथवा एम.एससी के पश्चात) |
| I-3 | विद्युत रसायनिकी | 01 [अना] | न्यूनतम 60% अंकों के साथ रसायनिकी / विद्युत रसायनिकी में एम.एससी. एवं अपेक्षित योग्यता प्राप्त करने के पश्चात् 4 वर्ष का संबद्ध अनुभव*।<br>अथवा<br>न्यूनतम 60% अंकों के साथ रसायनिकी अथवा रसायनिकी एवं विद्युत रसायनिकी इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक. एवं अपेक्षित योग्यता प्राप्त करने के पश्चात् 4 वर्ष का संबद्ध अनुभव*।<br>* अभ्यर्थियों को विद्युत रसायन / विद्युत रसायनिकी विषय से संबंधीत अनुभव के बारे में एक विवरण (लगभग 1000 शब्दों में) तथा नियोक्ता से प्राप्त अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। |
| चयन प्रक्रिया | अगर बहुत अधिक संख्या में आवेदन-पत्र प्राप्त होते हैं, तो स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा 2 घण्टे की होगी, जिसमें 75 वस्तुनिष्ठ प्रश्न संबंधित विषय के होंगे। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर हेतु 3 अंक एवं गलत उत्तर के लिए 1 नकारात्मक अंक का प्रावधान रहेगा। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको का उपयोग व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों के अनुवीक्षण के लिये किया जाएगा। अंतिम चयन व्यक्तिगत साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। | | |
| आयु | आवेदन प्राप्त होने की अंतिम दिनांक को 40 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। | | |
| वेतन | ₹ 67,700/- (पे मेट्रिक्स में लेवल 11 के सेल सं. 1) के साथ केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों हेतु लागू यथादेय भत्ते। | | |

| **तकनीकी अधिकारी / सी – समूह "ए" राजपत्रित पद** (रिक्त पद की संख्या : 01) | | | |
|---|---|---|---|
| I-4 | आर्किटेक्ट | 01<br>[अपिव-01] | न्यूनतम 60% के साथ बी. आर्किटेक्ट की डिग्री साथ ही आर्किटेक्ट परिषद (COA) का वैध पंजीयन। |
| चयन प्रक्रिया | अगर बहुत अधिक संख्या में आवेदन-पत्र प्राप्त होते हैं, तो स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा 2 घण्टे की होगी, जिसमें 75 वस्तुनिष्ठ प्रश्न संबंधित विषय के होंगे। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर हेतु 3 अंक एवं गलत उत्तर के लिए 1 नकारात्मक अंक का प्रावधान रहेगा। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको का उपयोग व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों के अनुवीक्षण के लिये किया जाएगा। अंतिम चयन व्यक्तिगत साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। | | |
| आयु | आवेदन प्राप्त होने की अंतिम दिनांक को 38 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। (अपिव अभ्यर्थियों के लिये 3 वर्ष की आयु में छूट को मिलाकर) | | |
| वेतन | ₹ 56,100/- (पे मेट्रिक्स के लेवल 10 की सेल सं. 1) के साथ केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों हेतु लागू यथादेय भत्ते। | | |

<u>नोट</u> : **शैक्षणिक / तकनीकी योग्यताएं केन्द्र या राज्य सरकार के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / तकनीकी शिक्षा बोर्ड से प्राप्त होनी चाहिए।**

**<u>महत्वपूर्ण</u> :**

**A.** अगर विश्वविद्यालय में लेटर ग्रेड/सीजीपीए/ ओजीपीए प्रदान की जाती है, तो उसे विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार्य मानदण्डों के अनुसार अंकों के प्रतिशत के समतुल्य इंगित किया जाना चाहिए। ऐसा न पाया गया तो अभ्यर्थी के बारे में विचार नहीं किया जाएगा।

**B.** अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उन्होंने सही सूचना भरी है। अगर अभ्यर्थी गलत सूचना/सूचना को छुपाना/सूचना में रूकावट डालता है, तो उसकी उम्मीदवारी को अयोग्य माना जाएगा। आरआरकेट, इन्दौर के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह किसी भी आवेदक की उम्मीदवारी किसी भी चरण में अस्वीकार कर सकता है।

**<u>उपरोक्त के अलावा आयु में निम्नलिखित छूट भी लागू होगी</u> :**

a) उन सभी व्यक्तियों को ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी जो जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में दिनांक 1 जनवरी 1980 से 31 दिसंबर 1989 तक की अवधि के दौरान अधिवासी रहे हैं, परन्तु किसी भी परीक्षा में भाग लेने हेतु ऊपरी आयु सीमा में छूट संबंधित नियमों के अंतर्गत उचित अवसरों की अधिकतम संख्या के अनुसार दी जाएगी।

**निवास संबंधी प्रमाण-पत्र :**

कोई भी व्यक्ति जो केन्द्रीय सिविल सेवा एवं सिविल पद (सीधी भर्ती के लिए ऊपरी आयु सीमा) नियमावली, 1998 के तहत लागू आयु सीमा में छूट का लाभ लेना चाहते हैं, उन्हें निम्नलिखित अधिकारी का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा :-

i) जम्मू कश्मीर संभाग के जिला मजिस्ट्रेट से जिसके क्षेत्राधिकार में वे सामान्यत: रहते थे।

अथवा

ii) कोई अन्य प्राधिकारी जो जम्मू-कश्मीर सरकार की ओर से पदनामित किया गया हो द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण-पत्र देना होगा कि वे जम्मू-कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में दिनांक 1 जनवरी 1980 से 31 दिसंबर 1989 की अवधि के दौरान मूलरूप से अधिवासी थे।

b) भूतपूर्व सैनिकों, विभागीय अभ्यर्थियों (केन्द्रीय सरकार सिविलियन कर्मचारी), 1984 के दंगों में मारे गए लोगों के परिवार के सदस्यों को वर्तमान सरकारी आदेशों के अनुसार छूट प्रदान की जाएगी।

<u>नोट</u> : मेट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र/म्यूनिसिपल जन्म प्रमाण-पत्र में अंकित जन्म प्रमाण-पत्र को ही स्वीकार किया जाएगा। इस संबंध में बाद में किसी भी अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## <u>सामान्य निर्देश</u> :

**a)** आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को या सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानकों को पूरा करते हैं। अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है के वे सही सूचना दें। आवेदकों को लिखित परीक्षा /साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति उनके द्वारा प्रपत्र में भरी गई सूचना के आधार पर दी जाएगी। अगर बाद में यह पता लगता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना गलत है या अभ्यर्थी अर्हता पात्रता मानकों को पूरा नहीं करता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी एवं इस संबंध में किसी भी पत्राचार को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**b)** विज्ञापन में इंगित की गई रिक्तियों को भरना सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगा एवं भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के संदर्भ में अन्यथा निर्णय लेने पर भरे नहीं जा सकते हैं।

**c)** चयनित अभ्यर्थियों को राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी, इंदौर में कार्य करने के लिये तैनात किया जाएगा परंतु नियुक्ति में भारत के किसी भी भाग में तथा परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी इकाई में सेवा करना निहित है । इसके अलावा दिन-रात की पालियों सहित पालियों में तथा फिल्ड कार्य एवं प्रचालन क्षेत्रों में कार्य करना सेवा में शामिल है ।

**d)** विज्ञापन में निर्धारित पात्रता मापदण्डों जिनमें अनुभव की अवधि भी शामिल है, के निर्णय आवेदन-पत्र प्राप्त होने की अंतिम दिनांक के संदर्भ में किया जाएगा।

**e)** <u>यात्रा भत्ता</u> :

(i) लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बाहर से बुलाए गए अभ्यर्थियों को लघुत्तम मार्ग से द्वितीय श्रेणी रेल किराए का भुगतान (टिकट प्रस्तुत करने पर) यात्रा भत्ता (TA) के रूप में नियमानुसार किया जाएगा।

(ii) तथापि, लिखित परीक्षा / साक्षात्कार में शामिल होने वाले अभ्यर्थी जो पहले से ही केंद्र/राज्य सरकार सेवा, केंद्र/राज्य सरकार निगम, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्तशासी निकाय, स्थानीय सरकारी संस्थान, पंचायत में कार्यरत हैं और रेलवे से इस यात्रा संबंधी रियायत ले चुके हैं वे इस यात्रा-भत्ता के पात्र नहीं होगें ।

**f)** आरआरकेट, इन्दौर बिना सूचित किए अथवा बिना कोई कारण बताए पद भरने / रद्द करने / प्रतिबंधित करने / संशोधन करने / पूरी भर्ती प्रक्रिया परिवर्तित करने का पूरा अधिकार सुरक्षित रखता है ।

**g)** जो अभ्यर्थी आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक (31/01/2019) तक अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता / तकनीकी योग्यता / अनुभव प्राप्त नहीं कर पाते हैं / नहीं करेंगे तो वे पात्र नहीं है, अत: उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है ।

**h)** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे इस विज्ञापन संबंधी ताज़ा सूचनाओं हेतु लगातार हमारी वेबसाइट <http://www.rrcat.gov.in/hrd/Openings/Current_Openings.html> का अवलोकन करते रहें।

**i)** जिन भूतपूर्व सैनिकों ने अपने पुनः नियोजन हेतु भूतपूर्व सैनिकों को दिए जानेवाले आरक्षण के लाभों का उपयोग करके नियमित आधार पर केंद्र सरकार के अधीन असैन्य सेवा क्षेत्र में पहले ही रोजगार प्राप्त कर लिया है, वे भूतपूर्व सैनिकों की श्रेणी के तहत आरक्षण लाभों का दावा करने के पात्र नहीं हैं ।

**j)** लिखित परीक्षा/साक्षात्कार केवल आरआरकेट, इंदौर में ही आयोजित होंगे।

**आवेदन कैसे करें :**

(i) **केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।**

(ii) ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम दिनांक **31/01/2019** है ।

(iii) अभ्यर्थी कृपया अपने आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत करने हेतु <http://www.rrcat.gov.in/hrd/Openings/Current_Openings.html> का अवलोकन करें।

(iv) अभ्यर्थियों के पास वैध ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नम्बर होना चाहिए, जो कि संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रहना चाहिए । अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु बुलावा पत्र केवल पंजीकृत ई-मेल आईडी पर ही भेजा जाएगा ।

(v) लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए प्रवेश पत्र जारी करना नियुक्ति के लिए कोई अधिकार नहीं देगा । नियुक्ति पूरी तरह से सभी पात्रता शर्तों की पूर्ति के अधीन होगी ।

(vi) वेबसाइट पर उपयोगकर्ता निर्देशिका उपलब्ध है, जिसमें आवेदन प्रक्रिया एवं हाल ही का फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को अपलोड करने संबंधी विवरण स्पष्ट तौर पर समझाया गया है । **अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें की ऑनलाईन आवेदन जमा करते समय अन्य कोई दस्तावेज अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है** । ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व आवेदक उपयोगकर्ता निर्देशिका को पूरी तरह पढ़ लेवें ।

(vii) ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने में होने वाली किसी भी विसंगति के लिये आरआरकेट जिम्मेदार नहीं रहेगा । अत: आवेदकों को यह सलाह दी जाती है कि वे अनुदेशों एवं उपयोगकर्ता निर्देशिका का सख्ती से पालन करें ।

(viii) आवेदन पत्र अपलोड / प्रस्तुत करने से पूर्व अभ्यर्थियों को इस पद के लिए अपनी पात्रता के प्रति सजग एवं आश्वस्त होना चाहिए । आवेदन पत्र से संबद्ध किसी भी कॉलम को खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए ।

(ix) एक पद हेतु केवल एक ही आवेदन-पत्र स्वीकार किया जाएगा । अगर अभ्यर्थी एक से अधिक पद के लिए आवेदन करने का इच्छुक है, तो उन्हें प्रत्येक पद हेतु अलग से ऑनलाइन आवेदन करना होगा ।

(x) अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि उन्हें अंतिम दिनांक का इंतज़ार किए बिना, समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए ।

(xi) केन्द्र / राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / स्वायत्तशासी निकाय इत्यादि में कार्यरत अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा / ट्रेड टेस्ट / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार जो भी लागू हो, में शामिल होने के समय अपने नियोक्ता द्वारा जारी **"अनापत्ति प्रमाण-पत्र"** प्रस्तुत करना होगा; ऐसा न करने पर उन्हें लिखित परीक्षा / ट्रेड टेस्ट / कौशल परीक्षण / साक्षात्कार जो भी लागू हो, में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(xii) अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय आवेदन पत्र के प्रिंट आऊट तथा निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियों तथा स्वप्रमाणित प्रतिलिपियां प्रस्तुत करनी होगी :

क. हाल ही में खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो
ख. आयु संबंधी प्रमाण पत्र (मेट्रीकुलेशन प्रमाण-पत्र / म्यूनिसिपल जन्म प्रमाण-पत्र)
ग. शैक्षणिक / तकनीकी योग्यताएं
घ. अनुभव प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)
ङ. आरआरकेट की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र में अपिव जाति प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)
च. जम्मू-कश्मीर संभाग में 01.01.1980 से 31.12.1989 तक अधिवासी होने सबंधी प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)
छ. 1984 के दंगों में प्रभावित होने संबंधी प्रमाण (यदि लागू हो)
ज. अन्य कोई संबद्ध प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)

**चयन न किए गए उम्मीदवारों के रिकार्ड चयनित सूची तैयार करने की तिथि से 6 माह बाद सुरक्षित नहीं रखे जाएंगे ।**

**किसी भी प्रकार की सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा ।**

**********